फा.सं. 3.10(1)/एफ डी/2018-सा.I
संघ लोक सेवा आयोग
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली-110069

दिनांक: 24 अगस्त, 2018

विषय:- दिनांक 01.10.2018 को सं.लो.से.आ. की 92 वें स्थापना दिवस के लिए आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम हेतु शामयाना, मंच एवं बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा आमंत्रण सूचना (नि. आ. सू.)।

दिनांक 01.10.2018 को 3.00 बजे अपराह्न में इस कार्यालय के आयोग सचिवालय भवन के बहुउद्देशीय हॉल में आयोजित की जाने वाली सं.लो.से. आ. के 92 वें स्थापना दिवस के लिए आंतरिक (इन हाउस) कार्यक्रम के लिए शामयाना, मंच तथा बैठने की व्यवस्था हेतु एकल बोली के अंतर्गत ऑनलाइन बोली आमंत्रित की जाती है। मदों की विनिर्दिष्टताओं को अनुबंध -'क' में वर्णित किया गया है। जैसा कि इन्हें इन विनिर्दिष्टताओं से देखा जा सकता है कि जर्मन हैंगर संरचना / एल्युमिनियम शामयाना (वाटर प्रूफ) की अपेक्षा है और तद्नुसार बोली प्रस्तुत की जानी चाहिए।

विगत वर्षों की शामयाना की व्यवस्था से संबंधित स्नैपशाट अनुबंध -च पर दी गई है। वे बोलीदाता जो विगत वर्षों की व्यवस्था के फोटो एलबम को देखने को इच्छुक है वे पूर्व सूचना (संपर्क सं. 011-23389035) के इस कार्यालय का दौरा कर सकते हैं।

निविदा दस्तावेज सं. लो. से. आ. की वेबसाइट www.upsc.gov.in और केन्द्रीय लोक प्रापण (सीपीपी) साइट https: //eprocure.gov.in/eprocure/app से डाउनलोड की जा सकती हैं जिनकी समय सीमा क्रिटिकल डेट शीट में दी गई है जो निम्नानुसार हैं :-

# नि. आ. सू. की सामान्य निबंधन एवं शर्तें

क्रिटिकल डेटशीट

| | |
|---|---|
| प्रकाशित किए जाने की तारीख | 25.08.2018 |
| बोली दस्तावेजों को डाउनलोड / बिक्री शुरू करने की तारीख | 25.08.2018 |
| बोली के प्रस्तुतीकरण के शुरू होने की तारीख | 25.08.2018 |
| बोली के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तारीख | 10.09.2018 को 11:00 बजे |
| बोली खोलने की तारीख | 11.09.2018 को 11:00 बजे |

**बोलियां ऑनलाइन सीपीपीपी वेबसाइट https: // eprocure.gov.in / eprocure/ app पर प्रस्तुत की जाएंगी ।**

निविदाकर्ता/संविदाकर्ता को सलाह दी जाती है कि ई - प्रापण के लिए ''केन्द्रीय लोक प्रापण पोर्टल (सी पी पी पी) पर https://eprocure.gov.in/eprocure/app के माध्यम से ऑन लाइन बोलियों के लिए निविदाकर्ता/ संविदाकर्ता को अनुदेश'' में दी गई अनुदेशों का अनुपालन करें।

1. बोली के प्रस्तुतीकरण की प्रक्रिया:-

1.1 निविदा केवल ऑनलाइन संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत की जा सकती है। दस्तावेज़ों को अपलोड किए जाने से पहले प्रस्तुत की जाने वाली बोली के सभी पृष्ठों को दस्तावेज़ों की विषय वस्तु की प्रकृति से असंबद्ध रहते हुए भी बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित तथा क्रमिक रूप से संख्या दी जानी चाहिए ।

**टेलीग्राम / फैक्स / ई-मेल तथा किन्हीं अन्य तरीकों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर विचार नहीं किया जाएगा । इस मुद्दे पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा ।**

1.2 उद्धत की गई दरों में किसी प्रकार की संशोधन/ ओवर राईपिंग /इरेजिंग आदि के लिए बोलीदाता द्वारा अपने हस्ताक्षर कर उसे विधिवत रूप से अनुप्रमाणित किया जाना चाहिए। बोली के प्रत्येक पृष्ठ बोलीदाता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिए। उद्धत की गई दरें शब्दों एवं अंकों दोनो में स्पष्ट रूप से वर्णित होने चाहिए।

2. <u>जमा धरोहर राशि (ज.धरो.रा.)</u>

2.1 बोली के साथ सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, दिल्ली / नई दिल्ली के पक्ष में देय 8000/- रू. (आठ हजार रू. मात्र) की जमा धरोहर राशि जो किसी वाणिज्यिक बैंक से डिमांड ड्राफ्ट / पे आर्डर के रूप में हो, संलग्न किया जाना चाहिए। बोलीदाता को उक्त डी.डी. / पी.ओ. की स्व-अनुप्रमाणित स्कैन्ड प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए। मूल जमा धरोहर राशि की हार्ड प्रति क्रिटिकल डेट शीट में वर्णित बोली खुलने की तारीख / समय पर या उससे पहले सं.लो. से.आ. में सुपुर्द की जानी चाहिए।

2.2 जमा धरोहर राशि अंतिम निविदा वैधता अवधि से परे 45 दिन की अवधि के लिए वैध रहेगी।

2.3 एन.एस.आई.सी. / डी जी एस एण्ड डी या किसी अन्य संगठन से पंजीकृत फर्मों को दस्तावेजीय प्रमाण प्रस्तुत करने पर जमा धरोहर राशि प्रस्तुत करने से छूट प्राप्त होगी। अन्य बोलीदाताओं को उपर्युक्त उल्लिखित जमा धरोहर राशि प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

2.4 सभी असफल बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत की गई जमा धरोहर राशि को संविदा को अंतिम रूप दिए जाने के बाद उन्हें बिना किसी ब्याज के चाहे जो भी हो, के लौटा दी जाएगी।

2.5 इस निविदा की वैधता अवधि के दौरान यदि बोलीदाता निविदा को वापस लेता है या उसमें किसी भी प्रकार से संशोधन या विकृत या परिवर्तन करता है तो उनकी जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। चूककर्ता बोलीदाता को आयोग और अन्य सरकारी विभागों में काली सूची में डाला जा सकता है।

3. बोलीदाता को निविदा प्रपत्र के अनुसार पूर्ण रूप से अपनी बिना शर्त दरें उदृत करनी होंगी। कटिंग / ओवर राईटिंग, यदि कोई हो, प्रति हस्ताक्षरित की जानी चाहिए। निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा विधिवत रूप से मोहर लगाई जानी तथा हस्ताक्षर किए जाने चाहिए।

4. तकनीकी बोली के खोले जाने की तारीख से बोली स्वीकार्यता हेतु 6 माह की अवधि के लिए वैध रहेगी। कम वैधता अवधि वाली बोलियों को तत्काल अस्वीकार कर दिया जाएगा।

**5. बोली का मूल्यांकन**

5.1 ऐसे बोलीदाताओं को संविदा प्रदान की जाएगी जो कर सहित सबसे कम दर उद्धृत करेंगे और नि.आ.सू. की सभी निबंधन एवं शर्तों को पूरा करेंगे।

5.2 यथा लागू कर की दर को मूल्य अनुसूची में अलग-अलग उद्धृत किया जाना चाहिए, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धत की गई दर में सभी कर शामिल हैं और आगे दर में बढ़ोतरी के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

5.3 कर में शामिल की गई दरों तथा कर में शामिल नही की गई दरों में विचलन की स्थिति में वित्तीय मूल्यांकन में कर में शामिल की गई दरों पर विचार किया जाएगा। इस मुद्दे पर संबंधित फर्म से कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

6 अन्य निबंधन एवं शर्तें

6.1 बोलीदाता का कार्यालय / प्रतिष्ठान / कार्यक्षेत्र केवल दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में होना चाहिए।

6.2 सशर्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

6.3 मदों की मात्रा को इस कार्यालय की अपेक्षा के अनुसार घटाया या बढ़ाया जा सकता है ।

6.4 किसी बोलीदाता के घटिया/ नकली उत्पाद आपूर्ति करते पाए जाने पर उसे सरसरीतौर पर काली सूची में डाल दिया जाएगा और उसकी निष्पादन प्रतिभूति जब्त कर ली जाएगी ।

6.5 सचिव, संघ लोक सेवा आयोग सामान के विनिर्दिष्टियों के अनुसार समरूप न होने पर इसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं ।

7. <u>जोखिम क्रय खंड :-</u>

यदि बोली प्रस्तुत करने और उसकी स्वीकृति के बाद अर्थात आर्डर देने के बाद आपूर्तिकर्ता इन निविदा दस्तावेजों के निबंधन एवं शर्तों से बंधे रहने में विफल रहता है या दी गई सुपुर्दगी कार्यक्रम के अनुसार सामग्री की आपूर्ति में विफल रहता है या किसी भी समय संविदा का परित्याग करता है तो संघ लोक सेवा आयोग को जमा धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार होगा ।

8. <u>मध्यस्थता</u>

संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म के बीच पैदा होने वाले किसी विवाद या मतभेद जो किसी परिणाम, अर्थ तथा प्रक्रिया या इस संविदा पर पड़ने वाले प्रभाव या संविदा भंग होने की स्थिति में विवाद का निपटान मध्यस्थता तथा समाधान अधिनियम 1996 के उपबन्धों के अनुसार संघ लोक सेवा आयोग द्वारा नियुक्त माध्यस्थ द्वारा किया जा सकेगा और उसका निर्णय संघ लोक सेवा आयोग तथा फर्म दोनों पर बाध्यकारी होगा । मध्यस्थता का स्थल दिल्ली होगा ।

9. बोलीदाता को एक परिवचन प्रस्तुत करना होगा कि उन्होंने संघ लोक सेवा आयोग की तुलना में किसी अन्य मंत्रालय/सरकारी संगठन में कम दर उद्धृत नहीं की हैं। यह परिवचन अनुबंध-'घ' पर दिए गए निर्धारित प्रोफार्मा में प्रस्तुत की जानी चाहिए।

10. भुगतान शर्ते :-_उपर्युक्त आयोजन के लिए कोई अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम की संतोषजनक रूप से समाप्ति के पश्चात आवश्यक भुगतान किया जाएगा जिसके लिए संबंधित पार्टी को अपना बिल तीन प्रतियों में इस कार्यालय के सामान्य-1 अनुभाग में प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। निर्धारित दर पर आयकर की कटौती सेवा प्रदाता के बिल से की जाएगी।

11. प्रत्येक बोलीदाता को यह प्रमाणित करना होगा कि उन्हें सभी निबंधन और शर्तें स्वीकार्य हैं।

12. सचिव, संघ लोक सेवा आयोग के पास बिना कारण बताए किसी बोली को पूर्णतया अथवा उसके भाग को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। इस संबंध में संघ लोक सेवा आयोग का निर्णय अंतिम और फर्म पर बाध्यकारी होगा।

(अनिल कुमार)
अवर सचिव (बै.एवं अनु.)
दूरभाष : 23384215

<u>प्रतिलिपि अग्रेषित :</u> संघ लोक सेवा आयोग की वेबसाइट पर निविदा नोटिस के वेब आधारित प्रचार के लिए कम्प्यूटर सेल को अग्रेषित।

( अनिल कुमार)
अवर सचिव (बै. एवं अनु.)

**अनुबंध-क**

**शामयाना, मंच एवं बैठने की व्यवस्था की तैयारी के लिए बोली प्रस्तुत करने का प्रारूप**

फर्म का नाम एवं पताः-

दूरभाष सं.

कार्यालय-

आवास-

मोबाइल-

संपर्क किए जाने वाले व्यक्ति का नाम एवं दूरभाष सं.:

| **क्र. सं** | **मद** | **आकार/ विनिर्दिष्टियां** | **अपेक्षित मात्रा** | **उद्धृत दरें** | **कुल मूल्य** |
|---|---|---|---|---|---|
| | **(क)** | **(ख)** | **(ग)** | **(घ)** | **(ङ= ग×घ)** |
| 1. | जर्मन हैंगर संरचना / एल्युमिनियम शामयाना (वाटर प्रूफ) | ----------------- - | 5800 वर्ग फीट (लगभग) | -----------प्रति वर्ग फीट | |
| 2. | सफेद कवर सहित बैंन्क्विट चेयर | | 500 | ---------- प्रति चेयर | |
| 3. | ग्रीन रॉलर कार्पेट | (6'x 18') | 9800 वर्ग फीट | ----------- प्रति वर्ग फीट | |
| 4. | पेडेस्ट्रल फैन आवाज़ रहित (बड़ा आकार) | बड़ा आकार | 20 | ........................ प्रति बड़ा आकार का फैन (आवाज़ रहित) | |
| 5. | बैन्क्विट चेयर रखने के लिए लकड़ी का प्लेटफार्म | 29'x 81' 2'ऊंचाई सहित (साईट के अनुसार) | 2500 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 6. | डॉयस (सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए मंच) | 20'x 10'x 1' अपेक्षाएं 20'x 10'x 2' | 400 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट | |
| 7. | कनात | (40'x 6') | 240 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट | |
| 8. | रेड रनर | 18'x 100' | 1800 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट | |
| 9. | किनारे की दीवार (काले रंग में) | | 2880 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट | |
| 10. | मंच के साथ किनारे की दीवार | | 480 वर्ग फीट | -----------प्रति वर्ग फीट | |
| 11. | अधिष्ठापन सहित हैलोजन फिटिंग्स | 500 वॉट | 05 | -----------प्रत्येक | |
| 12. | क्रम. सं. 1 से 11 तक के मदों के लिए कुल पैकेज मूल्य | | | | -------रू. |
| 13. | जी. एस. टी. / कोई अन्य सरकारी लेवियां (यदि कोई हो) | | | | -------रू. |
| 14. | सभी करों सहित कुल उद्दृत मूल्य (क्रम सं. 12+13) | | | | -------रू. |

टिप्पणी:- (क) मात्रा घटाई/बढ़ाई जा सकती है जो उनकी वास्तविक अपेक्षाओं पर निर्भर करेगी ।

(ख) जी. एस. टी. / कोई अन्य सरकारी लेवियां की दर यदि कोई हो, को अलग से उद्धृत किया जाना चाहिए, अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि उद्धृत की गई दरों में कर शामिल है।

(मालिक के हस्ताक्षर एवं फर्म/कंपनी की मुहर)

**अनुबंध-ख**

## निविदा प्रपत्र
## शमयाना, मंच तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा

दिनांक --------------

सेवा में

श्री अनिल कुमार,
अवर सचिव (बै. एवं अनु.),
संघ लोक सेवा आयोग,
धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड,
नई दिल्ली-110069

संदर्भ : दिनांक ---------------------- का आपका निविदा जांच दस्तावेज सं.------------------

हम, अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त निविदा जांच दस्तावेज़ की जांच की है और सभी मद के नमूने देखे है। अब हम निर्धारित प्रपत्र में दी गई विनिर्दिष्टियों के समनुरूप उपर्युक्त शमयाना, मंच तथा बैठने की व्यवस्था करने का प्रस्ताव करते हैं । विहित प्रारूप में हमारी वित्तीय बोली संलग्न की जाती हैं और जो इस निविदा का भाग है। निविदा जांच दस्तावेज के अनुसार अपेक्षित अन्य दस्तावेज/ कागज़ात भी इसके साथ संलग्न हैं ।

2. यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो हम उपर्युक्त निविदा जांच के निबंधन और शर्तों के अनुसार वित्तीय बोली में उद्धृत दर पर यथा वर्णित सामान की आपूर्ति करने का वचन देते हैं।

3. हम आगे इस बात की पुष्टि करते हैं कि उपर्युक्त अवधि के भीतर आपकी लिखित स्वीकृति के सपठित यह बोली हमारे बीच बंधकारी संविदा गठित करेगी ।

4. हम आगे यह समझते हैं कि आप निम्नतम या कोई बोली जो आपकी ऊपर संदर्भित निविदा जांच के विरूद्ध प्राप्त करते हैं, को स्वीकार करने के लिए बाध्य नहीं हैं ।

5. हम उपर्युक्त निविदा जांच के सभी निबंधन और शर्तों को स्वीकार करते हैं ।

------------------
(दिनांक सहित हस्ताक्षर)

------------------
(नाम और पदनाम)

--------------------------------------------- के लिए और की ओर से निविदा पर हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

-------------------
(फर्म की कार्यालय मुहर)

टिप्पणी : फर्म की कार्यालय मुहर और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर इस प्रारूप में प्रत्येक पृष्ठ पर किए जाने हैं।

<u>**अनुबंध-'ग'**</u>

## <u>मंच तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा</u>

<u>फर्म का विवरण</u>

(फर्म के पत्र शीर्ष पर)

1. फर्म का नाम : -------------------------------------
2. कार्यालय का पता : ----------------------------------
3. दूरभाष सं. : कार्यालय :...................... आवास : ..............................

   मोबाइल :- ................... फैक्स सं. : ...........................
4. फर्म के निदेशक/ साझेदार/ मालिक का विवरण
   नाम :
   आवासीय पता (पते) :
   मोबाइल सं. : (संख्याएं) :
5. जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र : .................................................
   (पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न की जाए)

   फर्म / मालिक का पैन सं. : ....................................................
6. यह प्रमाणित किया जाता है कि हमारे फर्म को किसी सरकारी विभाग द्वारा न तो काली सूची में डाला गया है और न ही भारत में किसी भी स्थान पर फर्म या उसके मालिक/ साझेदार के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत/ लंबित है ।

--------------------
(तारीख सहित हस्ताक्षर)

--------------------
(नाम और पदनाम)
---------------------- के लिए और की ओर से हस्ताक्षर करने के लिए विधिवत प्राधिकृत

----------------------
(फर्म की कार्यालय मुहर)

**<u>अनुबंध-'घ'</u>**

**मंच तथा बैठने की व्यवस्था के लिए निविदा**

**<u>परिवचन</u>**

हम.........................................................................................................................

..............................................................................................................................

(फर्म का नाम तथा पता) दिनांक .............................. के संघ लोक सेवा आयोग के निविदा आमंत्रण सूचना के प्रत्युत्तर में निम्नानुसार सत्यापित करते है:

"हम लोगो द्वारा मदों के लिए उद्‌धृत की गई दर उसी प्रकार के कार्य के लिए अन्य मंत्रालयों / सरकारी संगठनों के लिए उद्‌धृत की गई दरों से अधिक नहीं है" ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
रबड की मोहर सहित फर्म / बोलीदाता का नाम तथा पता

**अनुबंध- 'ड.'**

**जांचसूची**

| क्रम सं. | विवरण | हां या नहीं |
|---|---|---|
| 1. | विधिवत भरा हुआ निविदा प्रपत्र | |
| 2. | निर्धारित प्रपत्र (अनुबंध – क) में विधिवत भरी हुई  वित्तीय बोली | |
| 3. | पैन कार्ड की स्व-अनुप्रमाणित प्रति | |
| 4. | जी एस टी आई एन सं. सहित जी एस टी पंजीकरण प्रमाणपत्र | |
| 5. | अनुबंध- ख के अनुसार निविदा प्रपत्र | |
| 6. | अनुबंध- ग के अनुसार फर्म का विवरण | |
| 7. | अनुबंध-घ में परिवचन | |
| 8. | संलग्न जमा धरोहर राशि / छूट संबंधी प्रमाणपत्र | |

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

(फर्म का नाम तथा पता)

**<u>अनुबंध- 'च'</u>**

